भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2978
(10 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए)

हिमाचल प्रदेश में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना

2978. डॉ. राजीव भारद्वाज:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के नूरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत नई सड़कों को मंजूरी दी गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत अब तक कितनी ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(श्री कमलेश पासवान)

(क) से (ग) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) वर्ष 2000 से भारत सरकार द्वारा एक एकबारगी विशेष पहल के रूप में कार्यान्वित की जा रही है जिसका उद्देश्य कार्यक्रम दिशानिर्देशों में निर्धारित निर्दिष्ट जनसंख्या की पात्र संपर्कता रहित बसावटों को एकल बारहमासी सड़क के माध्यम से ग्रामीण संपर्कता प्रदान करना है।

योजना की शुरुआत से अब तक, पीएमजीएसवाई के विभिन्न घटकों के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश राज्य को 26,505 किलोमीटर सड़क लंबाई के कुल 4,170 सड़क कार्य, तथा 147 पुल स्वीकृत किए गए हैं। प्रगति का विवरण निम्नानुसार है:

घटक	स्वीकृत			पूर्ण		
	सड़क कार्यों की संख्या	सड़क लंबाई (किमी में)	पुल	सड़क कार्यों की संख्या	सड़क लंबाई (किमी में)	पुल

पीएमजीएसवाई-I	3,465	20,593	103	3,448	20,112	102
पीएमजीएसवाई-II	112	1,251	01	112	1,238	01
पीएमजीएसवाई-III	299	3,123	43	65	1,613	04
पीएमजीएसवाई-IV	294	1,538	0	0	0	0
कुल	**4,170**	**26,505**	**147**	**3,625**	**22,963**	**107**

पीएमजीएसवाई के विभिन्न घटकों के तहत कांगड़ा जिले में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण और उनकी पूर्णता की स्थिति इस प्रकार है:

घटक	**स्वीकृत**			**पूर्ण**		
	सड़क कार्यों की संख्या	**सड़क लंबाई (किमी में)**	**पुल**	**सड़क कार्यों की संख्या**	**सड़क लंबाई (किमी में)**	**पुल**
पीएमजीएसवाई-I	779	3,191	18	778	3,136	17
पीएमजीएसवाई-II	24	234	0	24	234	0
पीएमजीएसवाई-III	58	518	12	7	188	0
पीएमजीएसवाई-IV	12	28	0	0	0	0
कुल	**873**	**3,971**	**30**	**809**	**3,558**	**17**

इसके अतिरिक्त, यह उल्लेख किया गया है कि इस मंत्रालय में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-वार आंकड़े नहीं रखे जाते है। तथापि पीएमजीएसवाई के विभिन्न घटकों के तहत कांगड़ा जिले के नूरपुर ब्लॉक में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण और उनकी पूर्णता की स्थिति इस प्रकार है:

घटक	स्वीकृत			पूर्ण		
	सड़क कार्यों की संख्या	सड़क लंबाई (किमी में)	पुल	सड़क कार्यों की संख्या	सड़क लंबाई (किमी में)	पुल
पीएमजीएसवाई-I	64	265	2	64	262	2
पीएमजीएसवाई-II	1	9	0	1	9	0
पीएमजीएसवाई-III	1	6	0	0	1	0
पीएमजीएसवाई-IV	01	02	0	0	0	0
कुल	**67**	**282**	**2**	**65**	**272**	**2**

इसके अतिरिक्त, किसी भी विशेष जिले/ब्लॉक की परियोजना-वार जानकारी कार्यक्रम की वेबसाइट http://pmgsy.dord.gov.in -> Proposals -> State-wise List of Roads पर उपलब्ध है।

*****